राजस्थान सरकार

आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय

राजस्थान का थोक मूल्य सूचकांक माह नवम्बर, 2025 पर आधारित प्रेस विज्ञप्ति

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय थोक मूल्य सूचकांक आधार वर्ष 1999-2000 पर प्रतिमाह जारी किया जाता है। राज्य का माह नवम्बर, 2025 का सामान्य (सभी वस्तुओं का) थोक मूल्य सूचकांक 401.16 (प्रावधानिक) अंक रहा। सूचकांक में गत माह अक्टूबर, 2025 के सूचकांक 400.56 की तुलना में 0.15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। राज्य के मासिक सामान्य थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति नवम्बर, 2025 में (-)0.04 प्रतिशत (नवम्बर 2024 की तुलना) रही है। माह नवम्बर, 2025 में प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक 448.42, ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह सूचकांक 572.06 तथा विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक 313.32 अंक रहा है। राज्य के थोक मूल्य सूचकांक के अंतर्गत 1. प्राथमिक वस्तु समूह, 2. ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह एवं **3.** विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक में परिवर्तन/विचलन की स्थिति निम्नानुसार है-

1. **प्राथमिक वस्तु समूह (भार 33.894%):** माह नवम्बर, 2025 में प्राथमिक वस्तु समूह का सूचकांक 448.42 रहा जिसमें गत माह के सूचकांक से 0.13 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। प्राथमिक वस्तु समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत कृषि उप समूह सूचकांक में 0.10 प्रतिशत एवं खनिज उप समूह में 0.31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कृषि मद समूह के खाद्य पदार्थ उप समूह में (-)0.31 प्रतिशत की कमी जबकि अखाद्य पदार्थ उप समूह सूचकांक में 0.89 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आलोच्य माह के प्राथमिक वस्तु समूह में कृषि मद समूह के सूचकांक के अन्तर्गत अनाजों में (-)2.50 प्रतिशत, फलों में (-)10.78 प्रतिशत, सब्जियों में (-)2.77 प्रतिशत, दूध में (-) 1.21 एवं अन्य खाद्य पदार्थो में (-) 0.78 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। जबकि खनिज उप समूह सूचकांक के अंतर्गत आलोच्य माह में 0.31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई जिसमें मुख्यतः चुना पत्थर में 2.78 प्रतिशत, फोस्फोराइट में 1.91 प्रतिशत एवं चाँदी में 0.59 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक में वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (नवम्बर, 2024 की तुलना नवम्बर, 2025 में) (-)2.03 प्रतिशत दर्ज की गई है।
2. **ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह (भार 16.253%):** माह नवम्बर, 2025 के दौरान इस समूह का सूचकांक 572.06 रहा, जिसमें गत माह की तुलना में कोई परिवर्तन नहीं दर्ज किया गया। ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह के सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति दर (नवम्बर, 2024 की तुलना नवम्बर, 2025 में) 0.70 प्रतिशत दर्ज की गई।
3. **विनिर्मित उत्पाद समूह (भार 49.853%):** नवम्बर, 2025 के दौरान इस समूह का सूचकांक 313.32 अंक रहा। जिसमें गत माह की तुलना में 0.26 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई। विनिर्मित उत्पाद समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत खाद्य उप समूह में 0.35 प्रतिशत, कताई, बुनाई एवं परिष्करण उप समूह में 0.08 प्रतिशत, लकड़ी एवं लकड़ी से बने उत्पाद उप समूह में 12.95 प्रतिशत, केमिकल उत्पाद उप समूह में 0.02 प्रतिशत एवं मोटर वाहन उत्पाद उप समूह में 1.77 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (नवम्बर, 2024 की तुलना नवम्बर, 2025 में) 1.52 प्रतिशत दर्ज की गई।

थोक मूल्य सूचकांक नवम्बर, **2025** (आधार वर्ष 1999-2000=100)

क्र.सं.	समूह / उप समूह	समूहवार भारांकन	राजस्थान का थोक भाव सूचकांक			प्रतिशत विचलन नवम्बर, 2025 में	
			नवम्बर*, 2025	अक्टूबर, 2025	नवम्बर, 2024	अक्टूबर, 2025	नवम्बर, 2024
I	प्राथमिक वस्तु समूह	**33.894**	448.42	447.86	457.69	0.13	-2.03
(अ)	कृषि वस्तुओं के उप समूह	**29.933**	439.03	438.61	453.73	0.10	-3.24
(ब)	खनिज उप समूह	**3.961**	519.41	517.81	487.64	0.31	6.52
II	ईंधन शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह	**16.253**	572.06	572.06	568.11	0.00	0.70
III	विनिर्मित उत्पाद समूह	**49.853**	313.32	312.50	308.62	0.26	1.52
	सामान्य सूचकांक	**100.00**	**401.16**	**400.56**	**401.32**	**0.15**	**-0.04**

*प्रावधानिक